तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
मनरेगा में वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के लिए गठित हुई टीम



## खबर संक्षेप

### आईटीआई करतला में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 23 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला में संचालित एकवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय-कोपा, मेकेनिक डीजल और वेल्डर तथा द्विवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए 23 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आनॅलाईन आवेदन कर सकते है। संस्था के अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व के आवेदक जो अगली चरण में शामिल होना चाहते हैं उन्हें अपने लागिन आईडी एवं पासवर्ड से लागिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था/व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा।

### सत्य साईं बाबा की रथ यात्रा कल

**कोरबा।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आंध्र प्रदेश के अनन्तपुर जिले के ग्राम पुट्टपरती के प्रशांति निलयम से प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का आगमन 19 जुलाई को ऊर्जानगरी में आगमन हो रहा है। इस रथयात्रा के लिए साईं गजानन मंदिर में जोर शोरों से तैयारी चल रही है। यह कोसाबाडी के हनुमान मंदिर (शाकंभरी मंदिर) से शंखनाद के उद्घोष के साथ रथयात्रा का शुभारंभ होगा। रथ यात्रा सुभाष चौक, निहारिका, घंटाघर चौक से होते हुए साईं गजानन मंदिर में प्रवेश करेगा। शाम 7-8 बजे तक भजन एवं दिव्य संदेश का उद्बोधन होगा तथा 100 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे।

## कई दुकानों में चने का तेजी से उठाव होने पर खाद्य विभाग ने लिया संज्ञान

# शहर की पीडीएस दुकानों में मेरी मर्जी योजना लागू होने से चने का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पीडीएस दुकानों में मेरी मर्जी योजना लागू होने से सबसे बड़ी समस्या चने के उठाव को लेकर हो गई है। आम तौर पर चावल का उठाव हर हितग्राही अपने दुकान से किया करता है, किंतु चने के उठाव को लेकर हितग्राही किसी भी दुकान से कर रहे चना ले ले रहे हैं, इससे कुछ दुकानों में चने का संकट गहरा गया है। इस मामले पर खाद्य विभाग ने संज्ञान लिया है और ऐसी पीडीएस दुकानों से जानकारी भी मांगी गई है।

**खास बात**

- हितग्राही व दुकान संचालकों के बीच हो रहा है विवाद



पथर्रीपारा पीडीएस दुकान में हितग्राही व संचालक के बीच होती बहस।

तीन माह का खाद्यान्न एक साथ देने की सुविधा देने के बाद से कई हितग्राहियों में चने को लेकर होड़ मची हुई है। शहर के हितग्राहियों के लिए मेरी मर्जी योजना लागू होने के कारण हितग्राही किसी भी दुकान से जाकर चने का उठाव कर लेते हैं। इससे उस दुकान के मूल हितग्राहियों को चना नहीं मिल पा रहा है, इससे उस दुकान के हितग्राही ओर संचालक के बीच लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

इस स्थिति पर खाद्य विभाग ने संज्ञान लिया है। विभाग के द्वारा ऐसे दुकानों की जानकारी मांगी गई है जहां से चने का उठाव अधिकाधिक रूप से हो रहा है। कुछ हितग्राहियों ने इसकी शिकायत खाद्य विभाग से की है। इन दिनों दुकानों में तीन माह के खाद्यान लेने भीड़ उमड़ी हुई है, जिसकी वजह से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। विभाग की मानें तो खाद्यान्न वितरण व्यवस्था करने के लिए पीडीएस दुकानों को निर्देश दिए गए हैं।

### नहीं आई है रिपोर्ट

पथर्रीपारा में खाद्यान्न वितरण को लेकर विवाद होने की जानकारी मिलने पर खाद्य निरीक्षक को भेजा गया था। उन्होंने मौके पर आवश्यक जानकारी ली है। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है, आने पर अगली कार्यवाही करेंगे। चने के स्टॉक के संबंध में जानकारी ली गई है। शहर के पीडीएस दुकानों में पोर्टेबल व्यवस्था लागू होने के कारण हितग्राही किसी भी दुकान से चने का उठाव कर रहे हैं, जिससे कुछ दुकानों में चने की खपत ज्यादा हो गई है। सीतामणी पीडीएस दुकान से यह शिकायत सामने आई है। सभी दुकान संचालकों से चने के वितरण की जानकारी ली गई है।

**-जीएस कंवर**, खाद्य अधिकारी

### दुकान संचालक ने किया घोटाला

ग्राम पंचायत सतरेंगा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चना वितरण को लेकर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। आरोप है कि दुकान संचालक धनसाय ने गरीब हितग्राहियों को चना देने में भारी अनियमितता बरती है। इस गड़बड़ी की जानकारी सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी और असंतोष फैल गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें समय पर और पूरा राशन नहीं मिल रहा, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दिखाया जा रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि मार्च माह में प्रति राशन कार्ड में केवल 4 पैकेट चना वितरण किए गए है, जबकि शासन के रिकॉर्ड में 10 पैकेट वितरण दिखाकर 6 पैकेट चना को गबन किया गया है अर्थात 6 पैकेट चना हितग्राहियों को नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने इसका विरोध कर मामले की जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से सरकारी योजनाओं की साख पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। उनका कहना है कि शासकीय राशन प्रणाली में इस तरह की लापरवाही से योजनाओं की विश्वसनीयता खत्म हो रही है, जिसे तत्काल रोकना जरूरी है।

### एपीएल कोटे के हितग्राही नाराज, आए दिन होता है विवाद

पथर्रीपारा में लक्षिता स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान विवादों में है। लोगों की शिकायत समय पर चावल, शक्कर, चना नहीं मिलने की है। बार-बार चक्कर लगाने से परेशान लोगों ने यहां जमकर हंगामा किया और वीडियो भी बनाया। विवाद बढ़ने पर जानकारी उपर तक पहुंची तो खाद्य विभाग के निरीक्षक ने यहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। लोगों की मांग है कि किसी और संस्था को सोसायटी की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। वर्तमान में चंदा यादव पर इस सोसायटी की जिम्मेदारी है। रिकार्ड में लक्षिता समूह इसे चला रहा है। बड़ी संख्या में कार्डधारी उपभोक्ता इस समिति से जुड़े हुए हैं। हालिया जानकारी में बताया गया कि एपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को दिए जने वाले चावल के वितरण में काफी समस्याएं हैं। न्यूनतम मूल्य पर यह चावल लोगों को प्राप्त होता है। यहां से सुविधा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं ने इस बात को लेकर विवाद किया कि आखिर उन्हें चावल के लिए कितने चक्कर लगाने पड़ेंगे और कब सुविधा प्राप्त होगी। संचालक का तर्क है कि स्टॉक खत्म होने के कारण समस्या बनी है। व्यवस्था होगी तब राशन उपलब्ध कराया जाएगा।यही हालात शक्कर और चना के मामले में भी पेश आने की बात कही गई। राशन वितरण में देरी और पिछले कुछ महीनों से इस तरह की परेशानियों ने लोगों को उग्र कर दिया। इसकी जानकारी खाद्य विभाग को मिलने पर निरीक्षक पूजा थेर ने मौके पर आकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मैंने विभागीय अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी है। पता चला कि विवाद के दौरान सोसायटी संचालक का तर्क था कि आर्थिक कारणों से जितनी राशि जमा हो पाती है उस हिसाब से स्टॉक की व्यवस्था की जाती है।

# सौतेले पिता ने बेटी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिता पुत्री के रिश्ते को शर्मशार करते हुए एक सौतेले पिता ने 9 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बातें**

- आरोपी ने की थी दो शादी, दोनों पत्नी छोड़कर भागी
- पीड़िता से भी करता था अक्सर मारपीट

मामला दीपका थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 38 युवक की पहली पत्नी उसकी हरकतों से परेशान होकर भाग गई थी। इसके बाद उसने एक शादीशुदा महिला से शादी की। दूसरी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई। पीड़िता अपने सौतेले पिता के साथ रहती थी और घर का काम करती थी। आरोपी उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज भी करता था। पड़ोसियों को जब इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू का कहना है कि, इस घटना के बाद लोगों में नाराजगी है। वहीं सहायक उपनिरीक्षक जीतेश सिंह ने बताया कि आरोपी घुमंतू प्रवृत्ति का था और कोई स्थायी रोजगार नहीं करता था। उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन 29 तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है एवं चयन परीक्षा दिनांक 13 दिसम्बर को प्रातः 11:30 बजे आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई 2025 से पूर्व तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक हो (दोनो तिथियां सम्मिलित)।

## व्यापमं की परीक्षा के उप पुलिस अधीक्षक होंगे नोडल अधिकारी

कोरबा। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक मंडल रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में छ0ग0 व्यवसायिक मंडल द्वारा जिले में आयोजित होने वाले आगामी परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु उप पुलिस अधीक्षक बेनेडिक्ट मिंज को आगामी आदेश पर्यन्त जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



## खबर संक्षेप

### तोखन दिल्ली में करेंगे जनसुनवाई आज

**बिलासपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 18 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, 6 पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली में जनसुनवाई करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री साहू पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं मांगें सुनेंगे तथा आवश्यक कार्रवाई करने पहल करेंगे।



### प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से प्रतिबंधित 264 नग कैप्सूल बरामद किया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली लगरा आरटीओ कार्यालय के पास एक युवक प्रतिबंधित दवाई बेचने के लिए खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सीपत दर्राभाठा निवासी यश उर्फ योगविंद चंद्राकर पिता दिगबंर चंद्राकर 19 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 264 नग प्रतिबंधित कैप्सूल मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### सबस्टेशन से 2 लाख का सामान चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बीती रात सेंदरी सबस्टेशन में चोरों ने धावा बोलकर 2 लाख का सामान पार कर दिया। इस दौरान सबस्टेशन में आपरेटर भी मौजूद था, लेकिन उसे इस बात की जानकारी तक नहीं हो सकी। इस मामले में एई भूपेश साहू ने घटना की शिकायत कोनी थाने में दर्ज कराई है। यंत्री और अनंता होम्स कालोनी निवासी भूपेश साहू ने बताया कि 14-15 जुलाई की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने सबस्टेश में उपयोग होने वाले 2 नग नये मीटरिंग इक्विपमेंट 10/5A (33 के.व्ही.) के क्वाइल एवं स्टड की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। इसकी कीमत 2 लाख से अधिक है। बताया जा रहा है कि 15 जुलाई को सबस्टेशन ऑपरेटर दिनेश देवांगन ड्यूटी पर था। उसके साथ आउट सोसिंग कर्मचारी विशाल धीवर शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी पर था। घटना 12 से 4 बजे के बीच की है। सहायक यंत्री ने कोनी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



**सीएसआर मद से जारी हुए थे 12.25 लाख** | **हाईवे पर बैठे पशुओं से टकराकर रोज दुर्घटनाग्रस्त हो रहे वाहन चालक**

# वेटनरी विभाग का दावा 10 हजार पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया, फिर भी सूने हैं गले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईवे पर बीच सड़क में बैठे आवारा पशुओं से टकराकर दुपहिया व चारपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त न हों, इसकी रोकथाम के लिए वेटनरी विभाग ने आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाया था। वेटनरी विभाग को इसके लिए सीएसआर मद से राशि भी जारी की गई थी। विभाग द्वारा इस राशि से करीब दस हजार आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जाने का दावा किया गया है, लेकिन हाईवे पर बैठने वाले लगभग सभी आवारा पशुओं के गले से रेडियम बेल्ट गायब हैं।

नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और ग्रामीण सड़कों के चार से पांच किलोमीटर के दायरे में सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं से किसी वाहनचालक को दुर्घटनाग्रस्त न होना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा वेटनरी विभाग को आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाने के लिए सीएसआर मद से राशि जारी की गई थी। इसके अंतर्गत वेटनरी विभाग को 12 लाख 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा पालतू या गली-मुहल्लों में घूमने वाले पशुओं को छोड़कर मुख्य मार्गों में बैठने वाले पशुओं को एक अभियान चलाकर रेडियम बेल्ट पहनाया गया था। इसके अंतर्गत प्रत्येक पशु को रेडियम बेल्ट पहनाने का खर्च 50 रूपए आया था, जिसमें बीते वर्ष जुलाई-अगस्त से दिसंबर माह के बीच कुल 10 हजार 340 पशुओं को बेल्ट पहनाया गया था। वेटनरी विभाग द्वारा दस हजार से भी अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाने की बात कही तो जा रही है, लेकिन मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं के गले सूने हैं। हो सकता है कि ज्यादातर पशुओं ने वह बेल्ट तोड़ दिया हो, लेकिन किसी भी पशु के गले में बेल्ट नजर न आए यह कैसे संभव है? शहर से बाहर चारों दिशाओं में जाने वाली किसी भी सड़क में रेडियम बेल्ट वाले पशु नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर अंधेरा होने के कारण वाहन चालक तेज गति से सड़क पर बैठे पशुओं से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा राशि जारी कर चलाए जाने वाले अभियान का औचित्य शून्य नजर आ रहा है।



### बारिश में पचास से भी अधिक संख्या में सड़कों पर बैठे मिलेंगे मवेशी

बारिश के मौसम में सड़क के किनारों पर पानी जमा हो जाता है। यदि बारिश न भी हो रही हो तो भी कीचड़ जैसी स्थिति रहती ही है। यही कारण है कि सूखी जगह की तलाश में मवेशियों को बैठने के लिए सड़क ही सबसे साफ जगह नजर आती है। यही कारण है कि मवेशी बड़ी संख्या में सड़कों पर ही बैठे दिख जाएंगे। कहीं-कहीं तो मवेशियों की संख्या एक ही स्थान पर 50 से भी अधिक नजर आ जाएगी। हालत यह होती है कि वाहन चालकों के तेज हार्न या लाईट से भी इन्हें फर्क नहीं पड़ता, जिससे वाहनों में बैठे लोगों को उतरकर मवेशियों को हटाना पड़ता है। यह स्थिति हर बार नहीं रहती। कई बार वाहनों की गति तेज होती है, जिससे घना अंधेरा होने व पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट नहीं होने के कारण वाहन चालकों को पशुओं की उपस्थिति दिखाई नहीं पड़ती व बड़ी दुर्घटना हो जाती है।

### अभियान चलाया जाएगा

राशि की उपलब्धता के आधार पर विभाग आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाता है। इसके लिए सीएसआर मद से राशि प्राप्त हुई थी, जिसके तहत 10 हजार 340 पशुओं को बेल्ट पहनाया गया था। कुछ राशि शेष है, जिससे फिर से यह अभियान चलाया जाएगा।

**-जीएस तंवर**
संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं

**अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य**

# उसलापुर स्टेशन पहुंचे डीआरएम ने गिनाई कमियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसका औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम ने ठेकेदार और अन्य रेल अफसरों को कमियां गिनाते हुए भड़के और काम को ठीक से जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया है।


बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। इसे देखने के लिए बुधवार की रात अचानक बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीईन कार्डिनेशन, गतिशक्ति सहित अन्य विभाग के अफसर उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पहुंचने के बाद डीआरएम सीधे प्लेटफार्म के अंदर चले गए, जहां उन्हें जानकारी मिली कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर लगाए गए शेड से बारिश का पानी सीधे प्लेटफार्म पर गिरता है, क्योंकि शेड बनाने के बाद उसमें ड्रेनेज का कार्य नहीं किया गया है। जिस स्थान पर ड्रेनेज है, उसमें डायरेक्ट शेड से कनेक्शन नहीं है। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल इसपर भड़क गए और प्लेटफार्म पर लगाए गए टाइल्स को उखाड़कर ड्रेनेज का काम करने का आदेश दिया, ताकि बारिश के दौरान शेड से पानी सीधे ड्रेनेज में चले जाए।



आकर्षक लाइटिंग से जगमगाता उसलापुर रेलवे स्टेशन।

### एंड टू एंड बनाए स्पीड ब्रेकर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में एयरपोर्ट की तरह पार्किंग को व्यवस्थित करने का काम करने निर्णय लिया गया है। डीआरएम व अन्य रेलवे के अधिकारियों ने इस कार्य को भी देखा। उक्त कार्य में स्टेशन एंट्री पर बेरियर लगे होंगे, जिसमें गाड़ियां लाने वाले यात्रियों और अन्य लोगों को टिकिट देने के लिए कर्मचारी की गुमटी भी बनाई जाएगी।




### व्यवस्थित नहीं है अक्षिता

बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह उसलापुर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के पास महिला यात्रियों के बैठने के लिए जगह बनाई गई है, जिसे अक्षिता नाम दिया गया है। यहां सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है, चारों ओर से घेराबंदी करने के बाद खुले एरिया से पानी अंदर घुस जाते हैं। इसके कारण महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इस कार्य को जल्द व्यवस्थित करने कहा गया।

### फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल बेहाल

इसी तरह प्लेटफार्म नम्बर एक पर बिलासपुर छोर पर बने एफओबी के पहले फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल भी बनाए गए हैं। लाखों रुपए की लागत से बनाए गए फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल की हालत ऐसी है कि यहां सैप्टिक टैंक छोटा बना दिया गया है, जहां की टंकी का पानी हॉल के अंदर घुस जाता है। इसे ढंग से सुधारने का आदेश अधिकारियों ने ठेकेदार और संबंधित विभाग को दिया है।

### दिखी और भी कमियां

मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल और अन्य अफसरों ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर निरीक्षण करने के दौरान कई तरह की कमियों को देखा। वर्तमान में प्लेटफार्म नम्बर एक पर नए शेड का विस्तार कर दिया गया, लेकिन वहां न तो यात्रियों के लिए पंखे हैं और लाइट की सुविधा है। इसकी वजह से रात में यात्रियों को अंधेरे में ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। नए शेड में लाइट और पंखे लगाने के साथ सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, स्टेशन प्रबंधक और वीआईपी रूम का काम जल्द पूरा करने का आदेश दिया। स्टेशन में नए पार्सल कार्यालय के अलावा पूछताछ काउंटर को भी बाहर किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को प्लेटफार्म के अंदर तक जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए कार्य शुरु कर दिए गए हैं। स्टेशन गेट एंट्री पर नए पूछताछ काउंटर को फिनिशिंग का काम बचा हुआ है। इसके अलावा डीआरएम ने स्टेशन के बाहर एसीपी प्लाई पर लगे रंगे बिरंगी आकर्षक लाइटों को भी देखकर अधिकारियो को निर्देश दिया कि सारी लाइटें बाहर लगी हुई है, इसे कोई भी हाथ मारकर पार कर सकता है।



**हिर्री माइंस खदान के पास की घटना**

# युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी



घटनास्थल पर कार्रवाई करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले कुछ समय से लगातार हो रही हत्या की वारदातों ने जिले को थर्रा कर रख दिया है। एक बार फिर हिर्री माइंस खदान के पास एक युवक की बिना कपड़े के खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है। लाश दो दिन पुरानी बताई जा रही है। बहरहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। 13 दिन के भीतर यह तीसरी लाश मिली है। तीनों मामले पुलिस के लिए पहेली बने हुए हैं।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया कि 17 जुलाई की सुबह हिर्री माइंस में सुरक्षा में तैनात सीआईसीएफ के जवान ने डोलोमाइट खदान के पास एक 25 से 30 वर्षीय युवक की बिना कपड़े की लाश देखी, मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। हिर्री माइंस के अधिकारी रमेश कुमार चौबे पिता रूपचंद चौबे ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के चेहरे को भारी पत्थर से कुचल दिया गया था। चेहरे पर कीडे पड़ गए थे, जिससे लाश करीब दो दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र के लोगों को तलब कर पहचान कार्रवाई की, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की पहचान कार्रवाई में लगी हुई है।

घटनास्थल पर मिली शराब की खाली बोतल

जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर दो देशी व एक अंग्रेजी शराब की खाली बोतल मिली है। वहीं पास में पत्थर के नीचे मृतक का कपड़ा मिला है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक को शराब पिलाने के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई और पहचान छिपाने के लिए कपड़ा निकालकर छिपा दिया गया था।

### छतौना मोड़ पर मिली थी युवक की लाश

6 जुलाई को कोनी आवास में रहने वाले सुरेंद्र कैवर्त पिता रामकुमार कैवर्त रात 10 बजे घर में गांव छतौना जाने की बात कहकर निकला था। 7 की सुबह छतौना मोड़ पर उसकी लाश मिली थी। अब तक पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि उसके साथ क्या हुआ है। इधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं ले पाई है।

### बिल्हा देवकिरारी में मिली थी युवक लाश

4 जुलाई को शाम 4 बजे बिल्हा देवकिरारी निवासी अशोका निषाद पिता नारायण निषाद 32 साल घर से ससुराल जाने के लिए निकले थे। 5 जुलाई की सुबह उसकी लाश मिली। 13 दिन में पुलिस उसके मृत्यु के कारणों का पता नहीं लगा पाई है।

### डेढ़ माह में 6 हत्याएं

पिछले कुछ समय लगातार हत्या की वारदातें हो रही हैं। 14 जुलाई को जरहाभाठा मिनीबस्ती में सुमित बांधे, 12 जुलाई को सिरगिट्टी नयापारा में कैलास ध्रुव, 24 जून को बेगहना निवासी रात बाई सौता, 18 जून को कोटा खुरदूर निवासी कुंवरिया बाई बघेल, 9 जून महमंत निवासी मुश्कान लास्कर, 8 जून को सकरी बहतराई निवासी रत्ना साहू की हत्या कर दी गई थी। बहरहाल सभी मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध शराब, हथियार के साथ पकड़े गए 12 बदमाश

**बिलासपुर।** हत्या की वारदात के बाद बीती रात पुलिस ने सिरगिट्टी नयापारा में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, हथियार रखने वाले, निगरानी, गुण्डा बदमाश व वारंटी सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था।

- **देर रात पुलिस का छापा**

ज्ञात हो कि 11 जुलाई को नयापारा गणेश नगर निवासी कैलास ध्रुव के साथ मारपीट कर हत्या करने के बाद लाश डबरी में छिपा दी गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने अधिनस्त अधिकारियों को क्षेत्र में गुण्डागर्दी व अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। 16 जुलाई की रात सीएसपी निमितेश सिंह, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट के नेतृत्व में गणेशनगर नयापारा में रात भर छापामार कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध शराब बेचने वाले व धारदार हथियार लेकर घूमने वाले, वारंटी व नगरानी एवं गुण्डा बदमाश सहित 12 लोगों को पकड़कर आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सिविल लाइन पुलिस ने जरहाभाठा मिनीबस्ती में छापामार कार्रवाई करते हुए 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

**नयापारा में पुलिस का बड़ा एक्शन**



आरोपियों से जब्त शराब व हथियार।

**← पकड़े गए आरोपी →**

- रोशन मांडवी पिता अनिल मांडवी 22 साल महिमा नगर तरूपति निगरानी बदमाश
- रोहन मांडवी पिता अनिल मांडवी 24 साल आर्दश नगर गिरफ्तारी वारंटी
- जावेद खान पिता शहजाद खान 24 साल यदुनंदननगर गिरफ्तारी वारंटी
- हपनदीप पिता राजू दीप 23 साल सरदार मोहल्ला गिरफ्तारी वारंटी
- जवाहर गोंड़ पिता जेठू गोंड़ शिव बिहार कालोनी कोचिया
- अभिषेक कश्यप पिता पन्नालाल कश्यप 24 साल तिफरा गिरफ्तारी वारंटी
- मनीष कांति पिता भारत कांति 21 साल गणेशन नगर आर्म्स एक्ट
- अभिषेक कुर्रे पिता स्व. सुशील कुर्रे 21 साल गणेशनगर नयापारा आर्म्स एक्ट
- पवन साहू पिता बोधराम साहू 30 साल नयापारा स्थाई वारंटी
- अजीत कुशवाहा पि जगन्नाथ कुशवाहा 25 साल सिहोर जबलपुर रात में घूमने हुए
- निखिल कुशवाहा पिता बलराम कुशवाहा 18 साल सनोई कटनी संदेहास्पद घूमने हुए
- बलदाउ साहू पिता मोहन 40 साल नयापारा घूमते हुए

# बैंक से 9 लाख 26 हजार रुपए निकालकर नहीं लौटाया

**बिलासपुर।** महिला से चेक लेकर बैंक से 9 लाख 26 हजार 450 रुपए निकालकर इंजीनियर नहीं लौटाया, पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, एनई कालोनी निवासी पद्मावती पति के वेंकट राव 62 साल ने जमीन बेचकर 34 लाख 16 हजार 96 रुपए केपिटल गेन एकाउंट में जमा किया था। उन्होंने दूसरी जमीन में मकान बनाने के लिए इंजीनियर ओमनगर जरहाभाठा निवासी हितेन्द्र सोनी पिता हरिश्चंद्र सोनी से मिलकर 50 हजार रुपए कमीशन देकर नए मकान का एस्टिमेट बनवाया और उसे बैंक से 9 लाख 26 हजार 450 रुपए निकालने के लिए चेक दिया। इंजीनियर ने बैंक में चेक लगाकर रकम निकालकर स्वयं रख लिया और महिला को नहीं लौटा रहा है। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ धारा 316 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# साढ़े तीन साल से फरार चल रहा पूर्व नक्सली बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के चलगली मानपुर में हथियार के दम पर की गई डकैती के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व नक्सली व कुख्यात आरोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन से पकड़ा है।

आरोपी पिछले साढ़े तीन साल से फरार था और अपनी पहचान बदलकर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त भरमार बन्दूक भी बरामद किया है जबकि इस गिरोह के 7 आरोपी और पूर्व नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके है। गुरुवार को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रकरण का खुलासा किया। बता दें कि बलरामपुर जिले के चलगली अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी कमलेश गुप्ता आ. रविन्द्र गुप्ता के घर 12 जनवरी की रात 9-10 बजे नकाबपोश व वर्दी धारी हाथियारबंद लोग घुस आए थे। नकाबपोश आरोपियों ने खुद को नक्सली बताकर हथियार के बल पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी कमलेश गुप्ता के घर से 2 लाख 20 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए थे। चूंकि कमलेश गुप्ता का घर पहाड़ से लगा हुआ था इस लिए डकैत वारदात को अंजाम देने के बाद फारार हो गए थे। इस मामले की शिकायत 13 जनवरी को कमलेश गुप्ता ने पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले में भादवि की धारा 395,120बी एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए पूर्व में लखनपुर ढोढा केसरा निवासी 36 वर्षीय प्रवीण खेस्स उर्फ नेपाली आ. आनंद, सीतापुर खालपारा निवासी 29 वर्षीय संजय चक्रधारी आ. बसंतलाल चक्रधारी, कोरिया चर्चा के जमीनपारा खरखत निवासी 23 वर्षीय लालबाबू उर्फ सोनू उर्फ उमाशंकर चक्रधारी आ. बाबुलाल चक्रधारी, त्रिकुंड़ा गोवर्धनपुर निवासी 28 वर्षीय रामबरत अगरिया आ. शिव प्रसाद अगरिया, चांदनी बिहारपुर निवासी 32 वर्षीय सुन्दर लाल साहू आ. राम गोपाल साहू, गढवा बिलयतीखैर निवासी 34 वर्षीय मुखलाल यादव आ. रामअवतार, व विजयनगर के बानापति निवासी विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जबकि इस प्रकरण का मास्टर माइंड आगर साय उर्फ सुनील घटना के बाद से फरार चल रहा था।




### विद्यालयों में 6 से 12 अगस्त तक मनाया जाएगा संस्कृत सप्ताह

**अम्बिकापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में इस वर्ष भी श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के तीन दिन पूर्व एवं तीन दिन बाद अर्थात 6 से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के आयोजन संबंधी निर्देश सचिव, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम्, रायपुर द्वारा जारी किए गए हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार इस अवधि में विद्यालयों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, संस्कृत नाटक, कहानी लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही संस्कृत आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विद्वानों की संगोष्ठी, साहित्य प्रदर्शनी, भाषण, परिचर्चा एवं संस्कृत गीत आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृत विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि अनुसार कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें एवं संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### एसएसपी की फटकार के बाद लिखी गई एफआईआर

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना के मामले में पीड़िता शिक्षिका रिपोर्ट लिखाने के लिए महिला थाने का चक्कर लगाते थक गई। आखिरकार एसएसपी की फटकार के बाद ससुरालवालों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

दयालबंद निवासी शिक्षिका अंकिता शुक्ला पिता स्व. रमन प्रसाद शुक्ला 35 साल की शादी 7 मई 2015 में अंबिकापुर निवासी आलोक शुक्ला से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि शादी के बाद ससुराल वाले दहेज कम लाने, चारित्रिक, शारारीरिक मानसिक शोषण करने लगे, 24 जून 2025 को उन्होंने महिला थाना में लिखित शिकायत की। महिला परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग हुई, किन्तु कोई बात नहीं बन पाई। उसके बाद पीड़िता शिक्षिका ससुरालवालों के खिलाफ एफआईआर लिखने के लिए महिला थाना का चक्कर लगा रही हैं। कोई सुनवाई नहीं होने पर 17 जुलाई को पीड़िता एसएसपी रजनेश सिंह से मिलकर एफआईआर कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर पीड़िता महिला थाना जाकर टीआई से मिलकर एफआईआर लिखने की गुहार लगाई। टीआई ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। पीड़िता शिक्षिका फिर से एसएसपी को एफआईआर नहीं लिखने की जानकारी दी। एसएसपी श्री सिंह ने महिला थाना टीआई लक्ष्मी चौहान को फोन पर जमकर फटकार लगाते हुए तत्काल एफआईआर लिखने का निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया बाल सुधार गृह पीएम आवास का निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने बाल सुधार गृह कोहड़िया और प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत दादरखुर्द में बने मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को निर्देशित किया कि बाल सुधार गृह के एक ब्लाक को 15 दिवस के भीतर एवं शेष तीन ब्लाक को एक माह के भीतर पूर्ण कर महिला एवं बाल विकास विभाग को हैंड ओव्हर करें। कलेक्टर ने बाल सुधार गृह में भवन तक पूर्व में पहुंच मार्ग नहीं होने की बात सामने आने के पश्चात पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिये थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने निगम आयुक्त से सड़क से भवन तक बनाये गये पहुंच मार्ग की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम दादरखुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत निर्मित मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के तहत आवास आवंटियों को बरसात के पश्चात शिफ्टिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति हैं और पैसा जमा नहीं कर सकते हैं, उनकी सूची बना ली जाये। ताकि ऐसे जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों पर आवास आबंटन के संबंध में विचार किया जा सके।

### बीकन स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस




**कोरबा।** बीकन स्कूल एसईसीएल कोरबा में सृष्टि महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती अनीता गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 40वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र संघ के चुने हुए पदाधिकारी को बैच लगाकर पद की गोपनीयता और गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में श्रीमती अनीता गुप्ता के द्वारा पौधरोपण भी किया गया तथा छात्र-छात्राओं को पौधरोपण हमारे जीवन में होने वाले प्रभाव पर सारगर्भित उद्बोधन दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री पी बारिक, श्रीमती कल्पना मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य एमबी के द्वारा किया गया।

### सेजस में विश्व सर्प दिवस पर स्नेक अवेयरनेस कार्यक्रम

**कोरबा।** विश्व सर्प दिवस के अवसर पर आत्मानंद स्कूल में स्नेक अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को साँपों के प्रति फैली भ्रांतियों से मुक्त कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उन्हें सही जानकारी देना था। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग और आरसीआरएस सोसायटी की संयुक्त पहल पर किया गया। कार्यक्रम में आरसीआरएस टीम के प्रमुख अविनाश यादव एवं टीम सदस्य महेश्वर ने बच्चों को साँपों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की। साँप पर्यावरण के लिए कितने ज़रूरी हैं, कौन-कौन से साँप ज़हरीले होते हैं और ज़्यादातर सांप इंसानों से डरते हैं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मन में साँपों को लेकर अनेक सवाल थे जैसे कि साँप कैसे सुनते हैं, अगर साँप काट ले तो क्या तुरंत मौत हो जाती है, साँप अपने फन क्यों फैलाते हैं, इन सभी सवालों का जवाब टीम ने बहुत ही सरल और वैज्ञानिक तरीके से दिया, जिससे बच्चों का डर दूर हुआ और उनमें नई समझ विकसित हुई।

### अज्ञात वाहन ने आधा दर्जन मवेशियों को रौंदा, मचा हड़कंप

**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बीती रात बांगो थाना अंतर्गत गुरसिया रोड में एक अज्ञात तेज़ रफ्तार वाहन ने सड़क पर चल रही 5 से 6 गायों को कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना देर रात की है जब सड़क सुनसान थी। तेज़ गति से आ रहे वाहन ने गायों को पीछे से टक्कर मारी, जिससे कुछ गायों की मौके पर ही मौत हो गई और कुछ गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।घटना की सूचना मिलते ही बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और मवेशियों को सड़क से हटाया। मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से हाईवे पर मवेशियों की सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। यह हादसा न केवल पशु सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाता है, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाने की गंभीरता को भी उजागर करता है।

## निधन

### उर्मिल लाम्बा



**कोरबा।** लालू राम कॉलोनी निवासी उर्मिल लाम्बा का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उर्मिल लाम्बा का मोतीसागर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास लालू राम कॉलोनी से निकली। जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन व अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छता कार्यों में लापरवाही पर सफाई ठेकेदार को लगा 10 हजार का अर्थदण्ड

# आयुक्त ने बालको क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर साफ-सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के बालको नगर अंतर्गत चेकपोस्ट लालघाट होते हुए परसाभांठा, दैहानपारा, सिविक सेंटर तक के विभिन्न वार्डो व बस्तियों में व्याप्त गदंगी व सफाई कार्यो में लापरवाही सामने आने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई तथा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि साफ-सफाई कार्यो में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होने इस मौके पर स्वच्छता सुपरवाईजर को भी चेतावनी देते हुए कहा कि वे साफ-सफाई कार्यो की कड़ी मानीटरिंग करें तथा यह देखें कि निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप सफाई का कार्य हो रहा है। इसी प्रकार बालको नगर अंतर्गत स्वच्छता कार्यो में लापरवाही बरतने पर सफाई ठेकेदार को 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के बालकोनगर क्षेत्रांतर्गत स्थित चेकपोस्ट लालघाट होते हुए परसाभांठा, दैहानपारा, सिविक सेंटर तक पहुंचकर वहॉं के विभिन्न मोहल्लों व गलियों का पैदल भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान नालियों में कचरें का जमाव व काफी समय से नालियों की सफाई न होने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने समक्ष में उपस्थित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की तथा चेतावनी देते हुए कहा कि वे निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, नालियों की सम्पूर्ण सफाई न होने से पानी का बहाव अवरूद्ध होगा तथा गलियों व घरों में जल भराव की समस्या पैदा होगी, अतः तत्काल नालियों की सम्पूर्ण सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, नालियों की सतह से सफाई करें। उन्होने कहा कि यदि इस पर तत्काल समुचित कार्यवाही नहीं की जाती तो संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों से कहा कि वे अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड पहनकर कचरा लेने के लिए निकले, ड्रेस पहनने से निगम के सफाई या उससे जुडे. कर्मचारी की अलग पहचान हो सके। भ्रमण के दौरान पार्षद सत्येन्द्र दुबे, बद्रीकिरण, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सतानंद द्विवेदी आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री पाण्डेय व पार्षद अशोक चावलानी के साथ पुराने कोरबा शहर के मुख्य मार्ग, इतवारी बाजार पर किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण भी किया। इतवारी बाजार स्थित सड़क किनारे खुले में मांस मछली का विक्रय करने वालों दुकानदारों से आग्रह करते हुए कहा कि इनका विक्रय खुले में न करे, बुधवारी स्थित सर्वसुविधायुक्त मटन मार्केट में मांस मछली का विक्रय हेतु भवन दी गई है। साथ ही इतवारी बाजार अंतर्गत दुकान, ठेला गुमठी संचालकों को समझाईश दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा आने वाले ग्राहकों से कहे कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित करें।



वार्ड का निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य।

**दुकानों में डस्टबिन नहीं, लगा अर्थदण्ड**

भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि अनेक दुकानां में डस्टबिन नहीं रखें गए, दुकानों के सामने दुकान से उत्सर्जित पन्नी, प्लास्टिक व अन्य कचरा बिखरा हुआ है, उन्होने संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही दुकान संचालकों को समझाईश दी कि वे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों को डस्टबिन में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें।

## संचार उपकरण, स्मार्ट घड़ी, पर्स, स्कार्फ और बेल्ट लेकर पहुंचने पर नहीं मिलेगा परीक्षा कक्ष में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापमं) द्वारा आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश और परीक्षा के दौरान अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों के संबंध में जरूरी जानकारी जारी की गई है।

**खास बात**

- व्यापमं ने परीक्षाओं में नकल रोकने दिए निर्देश

परीक्षा में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) द्वारा जिले में अयोजित परीक्षाओं में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। परीक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि फ्रिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन समय रहते पूरा किया जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा, अतः समय का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने की सलाह दी गई है। कान में किसी प्रकार का आभूषण, और बेल्ट, टोपी, पर्स, स्कार्फ, पाउच जैसी सामग्री पूरी तरह वर्जित हैं। संचार उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर आदि परीक्षा कक्ष में बिल्कुल भी नहीं लाए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट आउट (सिर्फ एक तरफ प्रिंट किया हुआ) लाना अनिवार्य होगा, क्योंकि हर परीक्षा की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा होगी। प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र में फोटो नहीं दिख रहा है तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो भी साथ लाना होगा। परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन से उत्तर अंकित करने की अनुमति होगी। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के आधा-आधा घंटे के भीतर परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा।

## नेत्रदान एक महान दान : सुल्तानिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के बैनर तले एक ही परिवार के 30 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच कोरबा के द्वारा सेठ गुरूमुख राय सेवा सकल्प (गोयल परिवार) द्वारा एक कार्यक्रम का अयोजन होटल गणेश इन में अयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर से आए अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि नेत्रदान एक महान दान है जिससे मरणोपरांत नेत्रदान कर अपने जीवन के बाद, अन्य जो देख नहीं सकते उनके जीवन में इस रंगीन दुनिया को देखने का एक रंगीला अवसर हम दे सकते है, आज गोयल परिवार ने समाज सेवा में एक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपने दादा स्व. गुरुमुख राय की पुण्यतिथि के दिन एक ही परिवार से 30 लोगों ने नेत्रदान का महान संकल्प लिया जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं, नेत्रदान से हम दुसरे के जीवन में रोशनी भरते है हमारे बाद भी हमारी आंखे किसी और के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आती है। बसना से आई राष्ट्रीय स्वस्थ भारत फोरम की वाइस चेयरमैन श्रीमती रीना अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान से दुसरे के जीवन में उजियारा लाया जा सकता है बहुत लोग अंधविश्वास के चलते नेत्रदान या अंगदान नहीं करते है लेकिन हमें देश के कल्याण के लिए दान करना चाहिए। वहीं चांपा से आई प्रांतीय निदेशक श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने भी गोयल परिवार को इस महान और नेक कार्य के लिए बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और समाज से अपील किया कि और भी लोग इस नेक कार्य में आगे आकर सहयोग करें। गोयल परिवार के द्वारा 30 सदस्यों ने नेत्रदान का फार्म भर कर अपना संकल्प दोहराया और इसके लिए अन्य लोगों को भी इस महान दान में आगे आने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में गोयल परिवार के साथ मारवाडी युवा मंच कोरबा शाखा के पदाधिकारीगण के साथ राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



## उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों के लिए भी किफायती है नैनो डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार किसानों की समृद्धि को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के चलते प्रदेश में खरीफ सीजन 2025 के लिए समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। परंपरागत डीएपी उर्वरक के अलावा फसल उत्पादन में सहायक नैनो डीएपी को किसानों के लिए एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जिले के सभी सहकारी समितियों में नैनो डीएपी की उपलब्धता है।

**खास बात**

- कृषि क्रांति की नई कहानी, किसानों को समय पर राहत

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में नैनो डीएपी का भंडारण एवं वितरण अभियान योजनाबद्ध और प्रभावशाली ढंग से संचालित किया गया। जिले में अब तक 500 मिली लीटर की 8514 बोतल नैनो डीएपी का और 14233 नैनो यूरिया की उपलब्धता में से कुल 18087 बोतलें सफलतापूर्वक वितरित की जा चुकी हैं। वर्तमान में शेष 4660 बोतलें सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध रखी गई हैं। नैनो डीएपी केवल विकल्प नहीं, बल्कि विज्ञान और नवाचार पर आधारित समाधान है। एक 500 मि.ली. की नैनो डीएपी बोतल में 45 किलो परंपरागत डीएपी के बराबर पोषक तत्व होते हैं। इसका प्रयोग मिट्टी को नुकसान पहुंचाए बिना फसल को पूर्ण पोषण प्रदान करता है, जिससे किसानों को न केवल अच्छी उपज मिल रही है, बल्कि उनकी लागत में भी कमी आई है। सरकार और जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को सफल बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पोस्टर, बैनर, गांवों में बैठकें और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से किसानों को नैनो डीएपी के प्रयोग, लाभ और सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। सभी प्राथमिक सहकारी समितियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे किसानों को बिना किसी रुकावट के उर्वरक उपलब्ध कराएं और स्टॉक की नियमित जानकारी अद्यतन करें।

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों में नैनो डीएपी को लेकर कहीं अधिक भरोसा देखने को मिल रहा है। इसका मुख्य कारण प्रशासन की तैयारी, समय पर भंडारण, और निरंतर जागरूकता अभियान है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को एक भी दिन के लिए उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़े। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बेहतर और पर्यावरण-अनुकूल नैनो डीएपी का अधिक से अधिक उपयोग कृषि में किया जा रहा है। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकेगा।



फाइल फोटो

## स्व. सहायता समूह की महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माई जी फाउंडेशन सोसायटी के तत्वावधान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय रहीं, जिन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक और आर्थिक योगदान के लिए सम्मान पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माई जी फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी लकी नंद, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ.राजीव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पांडे, छत्तीसगढ़ शक्ति स्वरूपा भारत विकास परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दानी और समाजसेवी नीतू अरोड़ा, जोयति वर्मा, अंजना सिह, ऋतु चौरसिया, अजय विश्वकर्मा, परवीन बेगम खान, राकेश राठौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर इशिता कश्यप ने सुंदर कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि पूजा दीवान ने पंडवानी की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। ऐसे कार्यक्रम समाज में महिलाओं के योगदान को मान्यता देने का श्रेष्ठ माध्यम हैं।




## गौमाता चौक की एक एकड़ जमीन में तैयार होगा नीम का बगीचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में गौमाता चौक सीतामणी स्थित एक एकड़ बाउंड्रीवॉल वाली जगह पर 150 नीम के पौधों का गुरूवार को रोपण किया गया। मंचीय कार्यक्रम के बिना आयोजित पौधरोपण के कार्यक्रम में महापौर संजू देवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमी रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरपी तिवारी, अशोक चावलानी, पारस जैन, राजेश बगड़िया, मनीष अग्रवाल दर्री, डॉ.राजीव गुप्ता, आकाश सिंघानिया, प्रकाश कोचर, डॉ.प्रिंस जैन, विनोद सिन्हा, सतेन्द्र पुरी, महेंद्र चोपड़ा, महेंद्र बोहरा, राजेश अग्रवाल वकील, संजय सिंह, अप्पा राव, गुड्डु साहु, महेंद्र शर्मा, पंकज अग्रवाल, अशोक सचदेव, शंकर अग्रवाल, विष्णु शंकर मिश्रा, मनीराम साहू, संजू, अमित अग्रवाल, आदित्य शास्त्री, राजेश अग्रवाल गायत्री, अरुण त्रिपाठी, अरुण अग्रवाल, मुकुल जैन, पवन अग्रवाल एडवोकेट, राधेश्याम अग्रवाल, ओमप्रकाश केसरवानी, सत्यनारायण बुधिया सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमी रामानी ने निगम एवं व्यापारी बंधुओं का आभा व्यक्त किया।

**खास बात**

- निगम व चेंबर ऑफ कामर्स ने 150 पौधों का किया रोपण



पौधरोपण करते चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष एवं अन्य।

### तकनीकी दक्षता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल

# गेवरा की सीबीएम लैब की कमान महिलाओं के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने महिला सशक्तिकरण और तकनीकी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 17 जुलाई को केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा स्थित सीबीएम लैब को पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित प्रयोगशाला के रूप में आरंभ किया। लैब का विधिवत उद्घाटन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा निदेशक (तकनीकी संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार तथा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार की उपस्थिति में किया गया।

सीबीएम लैब खनन कार्यों में प्रयुक्त भारी मशीनों और वाहनों के रखरखाव में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह लैब मशीनों से लिए गए लुब्रिकेंट ऑयल के नमूनों का विश्लेषण कर यह निर्धारित करती है कि उपकरणों की आंतरिक स्थिति कैसी है, किस हिस्से में घिसाव हो रहा है या कौन-सा पुर्जा संभावित रूप से खराब हो सकता है। सीबीएम लैब में मशीनों से लिए गए तेल के नमूनों पर चार प्रमुख प्रकार के परीक्षण किए जाते हैं। इनमें एलीमेंटल एनालिसिस, काइनेमैटिक विस्कोसिटी, केमिकल प्रॉपर्टीज विश्लेषण एवं पार्टिकल काउंट शामिल हैं। इन सभी परीक्षणों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि मशीनों में समय रहते संभावित खराबी की पहचान हो सके, जिससे अचानक ब्रेकडाउन की संभावना कम होती है। इससे अनावश्यक मरम्मत से बचा जा सकता है, उत्पादन कार्यों में रुकावटें कम होती हैं, संचालन लागत घटती है और खराबी के मूल कारणों की पहचान कर दीर्घकालिक समाधान संभव हो पाते हैं। एसईसीएल द्वारा उठाया गया यह कदम तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ खनन उपकरणों की स्थिति की नियमित निगरानी एवं रखरखाव को भी मजबूत बनाएगा, जिससे खनन संचालन अधिक सुरक्षित, कुशल और लागत प्रभावी बन सकेगा। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी हरीश दुहन एवं निदेशकगणों ने सीबीएम लैब का निरीक्षण किया तथा प्रयोगशाला प्रभारी श्रीमती बबीता पटवाल, सहायक प्रबंधक (उत्खनन) एवं टीम की सभी महिला कर्मियों से भेंट कर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने टीम को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा एके त्यागी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, दीपका संजय मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा आरके गुप्ता, वर्क्स मैनेजर, सीईडबल्यूएस गेवरा एके सिंह, समस्त जेसीसी, कल्याण, सुरक्षा समिति के सदस्य, एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सीबीएम लैब के शुभारंभ के दौरान कोल कर्मी एवं अधिकारी।

### भागवत परायण कार्यक्रम में शामिल हुए राजेश्री महंत

**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास खोखसा फाटक जांजगीर में रेलवे फाटक के पास गुप्ता परिवार में आयोजित भागवत परायण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।

20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में कोरबा को मिला 8वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छ शहरों में छतीसगढ़ मे हमारा कोरबा नगर निगम का पांचवा साफ-सुथरा शहर है। देश में नगर निगम कोरबा साफ-सफाई में 8 वें पायदान पर रैंक प्राप्त किया है, नगर निगम ने स्वच्छता में किए अपने बेहतर प्रयास पर यह खास उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2023 में देश के 446 शहरों में कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में

- प्रदेश में नगर निगम ने हासिल किया स्वच्छता में पांचवा स्थान



पुरस्कार प्राप्त करते आयुक्त एवं महापौर।

नगर पालिक निगम कोरबा ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में दूसरा व देश में 26 वां स्थान प्राप्त किया था। इस वर्ष कोरबा ने गारवेज फ्री सिटी में 3 स्टार की रैंकिंग प्राप्त करने के साथ ओडीएफ प्लस-प्लस में भी वॉटर प्लस का एक नया अध्याय जुड़ा है, जो कि नगर निगम कोरबा की एक नई उपलब्धि के रूप में भविष्य में स्वच्छ सर्वेक्षण में एक नया मुकाम हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में भारत सरकार का महत्वपूर्ण मिशन स्वच्छ भारतमिशन मे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिये निगम के स्वच्छता से संबंधित सभी अधिकारियां एवं कर्मचारियों की टीम ने कमाल करते हुए, मेहनत से गारवेज फ्री सिटी प्रतिस्पर्धा में नगर पालिक निगम कोरबा को 3 स्टार के रूप मे सफलता मिली है। साथ ही निगम ने ओडीएफ प्लस-प्लस मे वाटर प्लस का दर्जा प्राप्त कर एक नया मुकाम हासिल किया है। नगर पालिक निगम कोरबा ने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत शासन द्वारा मार्च 2024 में स्वच्छ सर्वेक्षण कराया गया था। 3 लाख से 10 लाख वाले जनसंख्या से ऊपर वाले देश के शहरों की केटेगरी में यह सर्वेक्षण किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के वर्ग में 12000 में से 10564 अंक अर्जित किये है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक धार्मिक सगठनों एव आम नागरिको के सहयोग से नगर निगम ने यह उपलब्धियों हासिल की हैं। हम सब मिलकर आगे और अधिक अच्छा कार्य करेंगे तथा सभी के सहयोग से अपने कोरबा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना और अधिक सहयोग दें। इस बेहतर कामयाबी के उपलब्धि के अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोश पाण्डेय ने विनय मिश्रा अधीक्षण अभियंता सुरेश बरुआ, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ,स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक धनमोहन रात्रे, पंकज कुमार गवेल, एस.बी.एम. एम.आई एस. ऑपरेटर नवीश गुप्ता को नगर निगम कोरबा के थीम हमर सोनू के सफाई के राजा को देते हुए बधाई दी है, एवं आने वाले वर्ष मे होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए और अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय की पत्नी कौशल्या पहुंचीं शिव पुराण कथा स्थल



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय का जिले में आगमन हुआ। वे यहां आयोजित शिव पुराण कथा में शामिल हुईं और श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव की कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लिया। श्रीमती कौशल्या देवी ने कथा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना की और आयोजकों से भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा वाचक द्वारा शिव महिमा, भक्ति और जीवन में धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### पौधरोपण के लिए बिजली कर्मचारी महासंघ ने सीई से की मुलाकात



**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के 70वें वर्ष में प्रवेश करने पर पंच परिवर्तन कार्यक्रम के तहत संकल्प प्रकृति मां अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा ने मुख्य अभियंता डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह को पत्र सौंपा है। जिसमें आवासीय कॉलोनी में रिक्त पड़े स्थान को वृक्षारोपण के लिए अनुमति मांगी गई। संघ ने प्रबंधन को अवगत कराया कि इससे पर्यावरण संरक्षण होगा एवं अतिक्रमण से बचाव होगा। साथ ही संघ ने खाली अधूरे पड़े स्थान को आवासीय कॉलोनी में निवासरत अधिकारी एवं कर्मचारी के बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड बनाए जाने की मांग रखी। उक्त विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने आश्वस्त किया। प्रबंधन से अधीक्षण अभियंता डीडी राय तथा संघ से अध्यक्ष एसएस खूंटे, कार्यकारी अध्यक्ष जीपी राजवाड़े, उत्पादन इकाई के सचिव संदीप राठौर तथा कोरबा वृत्त के सचिव यशवन्त राठौर उपस्थित रहे।

### मां मड़वारानी में हवन और भंडारा का किया गया आयोजन

**कोरबा।** आदि शक्ति पर्वतवासनी मां मड़वारानी दाई के मंदिर जाने पहाड़ ऊपर स्थित श्री हनुमान जी की मंदिर में प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी महामृत्युजंय जाप यज्ञ का प्रारंभ 11 जुलाई से जाप यज्ञ का शुभारंभ किया गया। गुरूवार को यज्ञ का पूजन अभिषेक, हवन और भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें जजमान श्रीमती रमां संतोष सोनी, श्रीमती सीमा विनोद कुमार साहू है। पीठादिशा भागीरथी दूबे एवं 7 पंडितों द्वारा संपादित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संतोष सोनी, कन्हैया कंवर, विनोद कुमार साहू, नारायण प्रसाद जायसवाल, परमेश्वर साहू, भरत लाल आदि उपस्थित थे।

### साहू हेल्पलाइन ने की मदद, दिए 105 किलो चावल व 51 सौ रुपए



**देवरी सारागांव।** साहू हेल्प लाइन जांजगीर सक्ती ने अनुकरणीय पहल की है। 15 जुलाई को कुम्हारीकला निवासी भरत राम का दशगात्र था, जो लम्बे समय से बीमार थे। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके परिवार ने साहू हेल्प लाइन से मदद की गुहार की। साहू हेल्प लाइन ने समाज से हटकर अन्य समाज को भी मदद का आश्वाशन दिया और दशगात्र के लिए, 105 किलो चावल और 5100 रुपये नगद प्रदान किये। साहू हेल्प लाइन के संयोजक अशोक साहू, भोला साहू, मेम कुमार साहू, प्रकाश साहू, बोध राम, साहू, हेमंत साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बुधराम सजय साहू, घनश्याम , सीता राम, प्रवीण और प्रमुख लोग उपस्थित थे सभी ने इस पुनित कार्य के लिए साहू हेल्प लाइन का आभार प्रकट किया।

### सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के नकद रहित उपचार के लिए प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार बर्मन ने बताया कि जिला अस्पताल के सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं से पीडितों को नगद रहित उपचार की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल में आईआरएडी/ईडीएआर का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डी.आर.एम एन.आई.सी श्रीमती साधना गुप्ता द्वारा पोर्टल के तकनीकी पहलुओं, कार्यप्रणाली और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान समस्त चिकित्सालयो को योजनांतर्गत अपने चिकित्सालय का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में जिले के समस्त आयुष्मान भारत योजनांतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में आयुष्मान भारत के डीपीसी आशीष कुमार त्रिपाठी, अंकित ताम्रकार सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मजदूरी भुगतान का मामला

# मनरेगा में वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के लिए गठित हुई टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा में मजदूरी भुगतान नहीं होने व वित्तीय गड़बड़ियों की कुल 121 शिकायतें सुशासन तिहार के दौरान मनरेगा प्रकोष्ठ को मिली थी। इन शिकायतों में मजदूरी भुगतान के मामले को लेकर निराकरण अभी भी चल रहा है। वहीं वित्तीय गड़बड़ियों के मामले में जांच कमेटी गठित की जा रही है। अभी भी हितग्राही और शिकायतकर्ता इन मामलों को लेकर कलेक्टोरेट पहुंच रहे हैं।

मनरेगा में बीते वर्ष कार्य का मजदूरी भुगतान रोजगार सहायकों के द्वारा जॉब कार्डधारी मजदूरों को कई ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से वितरण नहीं किया गया था। इस मामले को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण जनदर्शन से लेकर जिला पंचायत तक शिकायत कर चुके थे। मजदूरी के लिए उन्हें बार-बार जिला मुख्यालय आना परेशानी का सबब बनता जा रहा है। गर्मी के दिनों में सुशासन तिहार के दौरान लगाए गए शिविर में जिला पंचायत को 121 शिकायतें मनरेगा प्रकोष्ठ के संबंध में मिली, जिनमें अधिकांशतः मजदूरी भुगतान नहीं होने की शिकायतें शामिल थी, जिनका निराकरण अभी भी किया जा रहा है। इनके अलावा कुछ ग्राम पंचायतों से मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में वित्तीय गड़बड़ियों का भी मामला सामने आया था। इनमें जामपानी ग्राम पंचायत का मामला प्रमुख रूप से शामिल हैं। जिसमें रोजगार सहायक के द्वारा बिना तालाब गहरीकरण के राशि आहरित किए जाने की शिकायत शामिल थी, जिसके लिए जनपद सीईओ के द्वारा भी जांच कमेटी बनायी गई थी। लगभग तीन साल पुराने इस मामले पर अब जाकर फिर जांच कमेटी बनायी गई है। इस मुद्दे को जिला पंचायत सदस्य ने उठाया था, उसके बाद जाकर जांच के आदेश दिए गए हैं। जामपानी के अलावा पाली और कोरबा जनपद में भी वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई थी।


फाइल फोटो

### लोकपाल को सौंपा जाता है मामला

वित्तीय गड़बड़ियों का मामला जांच के पश्चात लोकपाल को सौंपा जाता है। वहां जांच प्रतिवेदन का परीक्षण कराए जाने के बाद जांच में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरूद्ध अवार्ड पारित होता है, उसके बाद संबंधित दोषी पक्ष पर कार्यवाही की जाती है। इस मामले में सबसे ज्यादा गड़बड़ियों विकासखंड पोड़ीउपरोडा और विकासखंड पाली के मामले ज्यादा हैं। यहां भी जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

### मिली थी 121 शिकायतें

सुशासन तिहार के दौरान मनरेगा प्रकोष्ठ को मजदूरी भुगतान नहीं होने और वित्तीय गड़बड़ियों की कुल 121 शिकायतें मिली थी, जिसका निराकरण किया जा रहा है। अधिकांश मजदूरों को उनके मजदूरी का वितरण किया गया है। जामपानी ग्राम पंचायत के मामले में जांच कमेटी का गठन किया गया है।

**-संदीप डिक्सेना,** एपीओ, मनरेगा प्रकोष्ठ

# कुसमुंडा खदान में वाहन की चपेट में आने से कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान में भारी वाहन की चपेट में आकर बुधवार की देर रात एक कर्मी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जय अंबे नामक ठेका कंपनी के अंतर्गत कार्यरत निर्मल ट्रांसपोर्ट की भारी वाहन ने सिफ्ट परिवर्तन के दौरान एक अन्य चालक को कुचल दिया। हादसे के समय कुछ लोगों की नजर घायल चालक पर पड़ी, जो उस वक्त जीवित था। तत्काल उसे इलाज के लिए कुसमुंडा विकास नगर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया है। उधर हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने खदान पहुंचकर वाहनों का संचालन ठप कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रही है।


मृतक।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**कोरबा।** अंडीकछार टिनटिकिया के पास नल जल योजना में लगे ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मार दी। हादसे में 10वीं कक्षा के छात्र गौरव पोर्ते की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथी 19 वर्षीय विमल उर्रे को चोटें आई हैं। घायल विमल 11वीं का छात्र है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर पास के गांव में पाइप खाली करने के बाद वापस लौट रहा था। दोनों युवक एक ही गांव के एक ही परिवार के थे। वे किसी काम से हरदीबाजार आए थे। हादसे के पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर के खिलाफ परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश के 5 शहरों को मिलेगा सिटी गैस नेटवर्क का लाभः लखन


पेट्रोलियम मंत्री का स्वागत करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत मंडपम नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी की अध्यक्षता में हुई राज्यों के उद्योग मंत्रियो के साथ ऊर्जा वार्ता बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। ऊर्जा वार्ता में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर में भविष्य की संभावनाओ, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला।

मंत्री श्री देवांगन ने नागपुर से झारसुगुड़ा नेचुरल गैस 692 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के संबंध में बताया कि 692 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन में से सिर्फ दो किलोमीटर ही शेष रह गया है। जल्द ही इसे पूर्ण किया जाएगा। इसके पूर्ण होने के बाद छत्तीसगढ़ के कई बड़े शहर रायपुर, भिलाई दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और राजनांदगांव में सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना कर उपभोक्ताओं के घरों तक गैस सप्लाई योजना की मांग रखी। इसी तरह विशाखापट्टनम से रायपुर पाइपलाइन प्रोजेक्ट जो की हाल ही में शुरू हुआ है। 540 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछने के बाद गैस की आपूर्ति और भी सुगम तरीके से हो सकेगी। बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ सीएसआईडीसी के एमडी विश्वेश कुमार, ईडी आलोक त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया की बैठक में छत्तीसगढ़ में उच्च प्राथमिकता वाले प्रकरणों में बस्तर में सीबीजी प्लांट और एलएनजी प्लांट की स्थापना के संबंध में समीक्षा हुई। 2022- 2023 में सीबीजी प्लांट की स्थापना के लिए 15 से 20 एकड़ जमीन की मांग क्रेडा के माध्यम से की गई थी, जिसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी तरह जगदलपुर से नगरनार रोड में एलएनजी स्टेशन की स्थापना के लिए बस्तर कलेक्टर से वर्ष 2022- 2023 में ढाई एकड़ जमीन का आवंटन हो चुका है। जल्द संयंत्र की स्थापना होगी।

# एसीबी की टीम ने शिक्षक को 2 लाख रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसीबी की टीम ने कोरबा जिले के शिक्षा विभाग में पदस्थ एक शिक्षक को 2 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता मिली।

जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को प्राथमिक शाला केसला जिला कोरबा के प्रधानपाठक रामायण पटेल द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि उसकी पत्नी उसी के स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। आरोपी विनोद कुमार सांडे जो कि माध्यमिक साला बेला जिला कोरबा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है उसके द्वारा उसकी पत्नी का ट्रांसफर अन्य दूर के स्कूल में होने की संभावना को बताकर अपना परिचय डीईओ और बीईओ से होना बताकर उसकी पत्नी का ट्रांसफर दूर के स्कूल में होने से बचने और नजदीक के स्कूल ओमपुर में करा देने के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की जा रही है किंतु वह अपनी पत्नी का ट्रांसफर ओमपुर करने के एवज में वह आरोपी को 2 लाख रुपए



रिश्वत ले रूप में नहीं देना चाहता बल्कि उसे रिश्वत लेते हुए पकड़वाना चाहता है। शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई जिस पर ट्रैप की योजना बनाकर आरोपी विनोद को प्रार्थी से 2 लाख रुपए प्रार्थी के कोरबा स्थित निवास में लेने के दौरान 17 जुलाई को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जप्त कर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा कार्यवाही उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि एसीबी के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों/कर्मचारियों की लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# स्टेट हाईवे पर बना जानलेवा गड्ढा, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत चोटिया, कोरबी-चिरमिरी स्टेट हाईवे मुख्य सड़क मार्ग की हालत खराब है। जानलेवा गढ्ढे हो जाने के कारण ग्राम फुलसर के पास स्थित विश्वकर्मा वेल्डिंग के सामने बरसात की पानी खेतों से बहकर तेज बहाव से रोड को पूरी तरह काट कर जानलेवा गड्ढे का रूप ले चुका है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को कई बार इस समस्या को लेकर सूचित किया गया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वैसे तो क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहते हैं, सड़कों का जाल बिछ चुका है, नदी-नालों सहित पहाड़ो तक भी आसानी से पहुंचा जा सकता है, कई जगह तो वैसे है जहां सड़क के ऊपर सड़क बनाकर विकास की गाथा लिखी जा रही है किंतु मुख्य सड़क मार्ग जहां यूपी एवं एमपी को जोड़ने वाला यह मार्ग जिले एमसीबी, कोरिया, बैकुंठपुर सहित सूरजपुर को भी जोड़ता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बिजली की आवाजाही से रातभर चैन की नींद नहीं सो पा रहे लोग

# बिजली बिल में वृद्धि एवं कटौती के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

राज्य सरकार द्वारा लगातर चौथी बार की गई बिजली बिल की वृद्धि एवं लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल में बढ़ोतरी एवं नवागढ़ क्षेत्र में बेलगाम बिजली कटौती के विरोध में अंबेडकर चौक नवागढ़ में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा में पुष्प हार अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आते ही अपने वादे भूल जाती है, पूरा क्षेत्र बिजली की समस्या से जूझ रहा है। रात रात भर लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं महिलाएं सुरक्षित नहीं है महिलाएं सबसे ज्यादा प्रताड़ित है हम सभी एकजुट होकर सरकार बदलनी है। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार अडानी की कमाई के लिये स्मार्ट मीटर लगा रही है। भाजपा को सिर्फ़ चुनाव जीतने से मतलब है भाजपा सरकार में दारु और जनरेटर की बिक्री बढ़ी है । कार्यक्रम को पूर्व पार्षद डालेश्वर साहू, इतवारी खूंटे,किशन बघेल, पार्षद रविन्द्र केसरवानी, गोविंद करसन संतोष साहू,कांति केशरवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भुवनेश्वर साहू, संगीता यादव हरिराम साहू, शाहरुख खान, नूतन देवांगन, भूपेन्द्र साहू, जितेन्द्र कश्यप, पार्षद वाजिद मोहम्मद, दिलदार खान, शिवा मैना, लाला जायसवाल, अनिल गोंड,श्रीरामगोड़, मदनमोहन मनहर, श्याम बर्मन, पुष्पराज,दिलेश कुमार,, राजेश कुमार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद कश्यप, गोविंद केसरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411